# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा | प्रथम सत्र

संख्या-02 | मंगलवार, दिनांक-07 जनवरी, 2020 ई०।

समय-10.30 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अप० तक।

माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

### 1.शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण:-

माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुमति के पश्चात् नवनिर्वाचित माननीय सदस्य, श्री समीर कुमार मोहंती, 44-बहरागोड़ा विधान सभा क्षेत्र को शपथ/प्रतिज्ञान हेतु पुकारा गया, परन्तु वे सदन से अनुपस्थित रहे।

### 2.अध्यक्ष का निर्वाचन:-

माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय द्वारा झारखण्ड विधान-सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 8(1) एवं 8 (4) के तहत अध्यक्ष, झारखण्ड विधान-सभा के निर्वाचन के सम्बन्ध में प्रावधानित नियमों से सदन को अवगत कराते हुए एतद् सम्बन्धी प्राप्त निम्न छः सूचनाओं से सदन को अवगत कराया गया-

| क्रम संख्या | प्रस्तावक सदस्य | अनुमोदनकर्त्ता | प्रस्ताव |
|---|---|---|---|
| 01 | माननीय मुख्यमंत्री, श्री हेमन्त सोरेन | श्री चम्पाई सोरेन, स०वि०स० | श्री रवीन्द्रनाथ महतो, स० वि० स० विधान सभा के अध्यक्ष चुने जायें। |
| 02 | माननीय मंत्री, श्री आलमगीर आलम | माननीय मंत्री, श्री रामेश्वर उराँव | श्री रवीन्द्रनाथ महतो, स० वि० स० विधान सभा के अध्यक्ष चुने जायें। |
| 03 | श्री बाबूलाल मराण्डी, स०वि०स० | माननीय मंत्री, श्री सत्यानन्द भोक्ता | श्री रवीन्द्रनाथ महतो, स० वि० स० विधान सभा के अध्यक्ष चुने जायें। |
| 04 | श्री सुदेश कुमार महतो, स०वि०स० | श्री कमलेश कुमार सिंह, स०वि०स० | श्री रवीन्द्रनाथ महतो, स० वि० स० विधान सभा के अध्यक्ष चुने जायें। |
| 05 | श्री सरयू राय, स०वि०स० | श्री अमित कुमार यादव, स०वि०स० | श्री रवीन्द्रनाथ महतो, स० वि० स० विधान सभा के अध्यक्ष चुने जायें। |
| 06 | श्री बिनोद कुमार सिंह, स०वि०स० | श्री हाजी हुसैन अंसारी, स०वि०स०। | श्री रवीन्द्रनाथ महतो, स० वि० स० विधान सभा के अध्यक्ष चुने जायें। |

क्र० पृ० उ०

पुकारे जाने पर माननीय मुख्यमंत्री सह सदन नेता, श्री हेमन्त सोरेन द्वारा माननीय अध्यक्ष के निर्वाचन सम्बन्धी प्रस्ताव को पढ़ा गया तत्पश्चात् माननीय सदस्य, श्री रबीन्द्रनाथ महतो सर्वसम्मति से विधान सभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए जिसकी घोषणा माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय द्वारा की गयी। इसके उपरांत माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय के द्वारा पुकारे जाने पर माननीय मुख्यमंत्री, श्री हेमन्त सोरेन एवं माननीय सदस्य, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह द्वारा नव निर्वाचित माननीय अध्यक्ष महोदय को ससम्मान आसन तक लाया गया।

<u>माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।</u>

पुकारे जाने पर माननीय मुख्यमंत्री, श्री हेमन्त सोरेन, माननीय सदस्य, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह, माननीय मंत्री, श्री आलमगीर आलम, माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव, श्री सुदेश कुमार महतो, माननीय मंत्री, श्री सत्यानन्द भोक्ता, माननीय सदस्य, सर्वश्री कमलेश कुमार सिंह, सरयू राय, राजेन्द्र प्रसाद सिंह, बाबूलाल मराण्डी एवं माननीय सदस्य, श्री स्टीफेन मराण्डी द्वारा बारी-बारी से अपने-अपने उद्‌गार व्यक्त किये गये।

## <u>3.माननीय अध्यक्ष का उद्‌गार:-</u>

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सर्वसम्मति से विधान सभा अध्यक्ष चुने जाने के लिए माननीय सदन नेता सहित सभी माननीय सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इन्होंने अपने उद्‌गार को व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया कि आसन पर आते ही राजनीतिक सम्बद्धता उनकी तकनीकी रूप से समाप्त हो गयी है क्योंकि अध्यक्ष के पद को संसदीय पद्धति मे सरकार और प्रतिपक्ष का पद नहीं समझा जाता है बल्कि इसे निष्पक्षता का पर्यायवाची मानने की परम्परा रही है जिसका वे दृढ़तापूर्वक पालन करेंगे। इन्होंने आशा व्यक्त की कि सदन के वरीय एवं अनुभवी माननीय सदस्यों का वे सहयोग अवश्य ही प्राप्त करेंगे। अब राज्य की बागडोर युवा माननीय मुख्यमंत्री, श्री हेमन्त के हाथों मे आयी है जिससे राज्य का निश्चित रूप से चतुर्दिक विकास होगा, ऐसी कामना माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा की गयी। इन्होंने माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय के प्रति भी हार्दिक आभार व्यक्त किया। माननीय सदस्य, श्री बाबूलाल मराण्डी जो इस राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भी रह चुके है, उनके प्रति भी इन्होंने अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। अंत मे माननीय अध्यक्ष महोदय ने पुनः एक बार सदन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि वे अपने दायित्वों पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करेंगे।

## <u>4.माननीया राज्यपाल से प्राप्त संदेश:-</u>

माननीय अध्यक्ष महोय ने माननीया राज्यपाल महोदया से प्राप्त निम्न संदेश से सदन को अवगत कराया:-

<u>"भारत के संविधान के अनुच्छेद-176 के खण्ड(1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मै द्रौपदी मुर्मु, झारखण्ड की राज्यपाल, एतद् द्वारा झारखण्ड विधान सभा को दिनांक-07 जनवरी, 2020 को 12.00 बजे मध्या० में सम्बोधित करना चाहती हूँ और इस हेतु झारखण्ड विधान सभा वेश्म, लेनिन हॉल, एच०ई०सी०, रॉंची में सदस्यों की उपस्थिति चाहती हूँ।"</u> तत्पश्चात् उनकी अगवानी हेतु वे सदन से बाहर गये।

(इस अवसर पर माननीय राज्यपाल महोदया के साथ माननीय अध्यक्ष महोदय का सदन में आगमन हुआ)

(राष्ट्रीय धुन)

क्र० पृ०उ०

## 5.माननीया राज्यपाल का अभिभाषण:-

सभा सचिव द्वारा आग्रह किये जाने पर माननीया राज्यपाल महोदया द्वारा अभिभाषण प्रारम्भ किया गया।

माननीया राज्यपाल महोदया द्वारा सर्वप्रथम नवनिर्वाचित माननीय सदस्यों का हार्दिक अभिनन्दन किया गया तत्पश्चात् पंडित जवाहरलाल नेहरू के कथन "आप दीवार के चित्रों को बदलकर इतिहास के तथ्यों को नहीं बदल सकते" से अपना अभिभाषण प्रारम्भ किया। उन्होंने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास हेतु गरिमामय और गौरवपूर्ण चर्चाओं का यह सदन साक्षी बनेगा तथा झारखण्ड राज्य को प्रगति के शिखर तक ले जायेगा, ऐसी कामना भी उन्होंने की। राज्यपाल महोदया ने राज्य की प्राथमिकतायें गिनाते हुए शहीदों के त्याग और बलिदान की ओर भी ध्यान आकृष्ट किया। सरकार की प्राथमिकता गरीबों उत्थान होगा, ऐसा उन्होंने दृढ़ विश्वास दिलाया। किसानों, गरीबों, महिलाओं, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के कल्याण के प्रति सरकार समर्पित भी होगी। सी०एन०टी० तथा एस०पी०टी० एक्ट को सख्ती से बहाल रखा जायेगा और आदिवासी हितों के स्वरूप को अक्षुण्ण रखा जायेगा। जल, जंगल, जमीन, शिक्षा, स्वास्थ्य, धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों का विकास जैसे महत्वपूर्ण तथ्यों पर सरकार का ध्यान रहेगा। उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, पुलिस निर्भीक होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेगी, ऐसी कामना के साथ उन्होंने पुनः एक बार सदन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सुखी, समृद्ध एवं उन्नत झारखण्ड के निर्माण हेतु कामना की।

सभा सचिव द्वारा माननीय राज्यपाल महोदया के अभिभाषण समापन की सूचना सदन को दी गयी।

(राष्ट्रीय धुन)

तदुपरांत माननीय राज्यपाल महोदया को विदा करने माननीय अध्यक्ष महोदय सदन से बाहर तक गये।

<u>माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।</u>

## 6.सूचना का दिया जाना:-

माननीय राज्यपाल महोदया के अभिभाषण पर आज दिनांक-07.01.2020 को 3.00 बजे अप० तक संशोधन दिये जाने हेतु आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया। संशोधन का प्रस्ताव दलीय नेता अथवा उनके द्वारा अधिकृत सदस्य दे सकेंगे और एक दल से मात्र एक ही संशोधन स्वीकार्य होगा, इस आशय का नियमन आसन से दिया गया।

## 7.वित्तीय कार्य:-

पुकारे जाने पर माननीय मुख्यमंत्री (प्रभारी वित्त), श्री हेमन्त सोरेन द्वारा वित्तीय वर्ष-2019-20 के द्वितीय अनुपूरक व्यय-विवरणी का उपस्थापन सदन पटल पर किया गया जिसपर कटौती का प्रस्ताव आज दिनांक-07.01.2020 को 3.00 बजे अप० तक दिये जाने की सूचना आसन द्वारा सदन को दी गयी।

## 8.शोक-प्रकाश:-

विगत सत्र से अब तक के अन्तराल मे कई राजनेता, साहित्यकार, लेखक, अभिनेता, विद्वान और जवान गुजर गये जिनमे प्रथम लोकसभा के सदस्य रहे महाराजा, कमल सिंह, एन.सी.पी. के पूर्व सांसद, देवी प्रसाद त्रिपाठी, केन्द्रीय मंत्री रहे मुन्नीलाल जी, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, कैलाश जोशी, भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी के नेता, गुरूदास दासगुप्ता, कर्नाटक के पूर्व राज्यपाल, टी.एन.

क्र० पृ०उ०

चतुर्वेदी, खिजरी विधान सभा के पूर्व सदस्य, सावना लकड़ा, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री, तुलसीदास मेहता, महान् गणितज्ञ, वशिष्ठ नारायण सिंह, लेखिका, शमीमा आलम, फिल्म अभिनेता, श्रीराम लागु, स्वतंत्रता सेनानी, विश्वनाथ पाण्डेय, कथाकार, स्वयं प्रकाश, दिल्ली मे हुए अग्निकांड, नक्सली हमले सहित पाकिस्तानी गोलाबारी मे शहीद हुए झारखण्ड के जवानों और बासुकीनाथ मंदिर में विद्युत आघात से हुई पुजारी की मृत्यु तथा चुनावी हिंसा मे मारे गये लोगों के प्रति आसन द्वारा गहरी संवेदना व्यक्त की गयी तत्पश्चात् पुकारे जाने पर सदन नेता, माननीय मुख्यमंत्री, श्री हेमन्त सोरेन, माननीय सदस्य, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह, माननीय मंत्री, श्री आलमगीर आलम, माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव, श्री सुदेश कुमार महतो एवं श्री बिनोद कुमार सिंह, माननीय मंत्री, श्री सत्यानन्द भोक्ता के अतिरिक्त माननीय सदस्य, श्री कमलेश कुमार सिंह एवं श्री सरयू राय द्वारा भी शोक-संवेदनायें व्यक्त की गयी तथा मृतकों की आत्मशांति की कामना की गयी तत्पश्चात् दो मिनट का मौन रखा गया। इसके उपरांत सभा की <u>कार्यवाही बुधवार दिनांक-08.01.2020 को 11.00 बजे</u> पूर्वा तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक- 07 जनवरी, 2020 ई०।

महेन्द्र प्रसाद
सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।